प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज : राहुल गांधी और अखिलेश यादव न कन्नौज और कानपुर में की संयुक्त रैली : योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर और मायावती ने कानपुर में जनसभा को किया संबोधित।
2. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों पर चुनावी मैदान में होंगे कुल 162 प्रत्याशी : 25 मई को होगा मतदान।
3. सातवें चरण के लिये आज कई बड़े नेताओं ने दाखिल किया नामांकन : डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने चंदौली, रवि किशन शुक्ला ने गोरखपुर, सनातन पांडेय ने बलिया और अजय राय ने वाराणसी से भरा पर्चा।

और

4. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के किये दर्शन : सरयू आरती में भी हुए शामिल।

———————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों द्वारा चुनावी रैलियां और जनसभाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष

राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से कन्नौज और कानपुर में गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में रैली को संबोधित किया।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की सबसे बड़ी जीत उत्तर प्रदेश में होगी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के करोड़ों युवाओं को रोजगार देने के बजाय बेरोजगार बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, लेकिन 22 पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि गठबन्धन की सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी किसानों के गरीबी रेखा से ऊपर आने तक आर्थिक मदद जारी रखेगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश के नौजवान, किसान और मजदूर बदलाव चाहते हैं और इस बदलाव में उत्तर प्रदेश बड़ी भूमिका निभायेगा। राहुल गांधी ने देर शाम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन को संबोधित किया और जातिगत जनगणना सहित अन्य मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किय

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर और बहराइच में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। श्री योगो ने कहा कि यह संसदीय चुनाव सामान्य चुनाव भर नहीं है। यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का चुनाव है। देश की महिलाओं, नौजवानों, किसानों और व्यापारियों

समेत हर तबके को आत्मनिभरता की ओर ले जाने का चुनाव है।

बसपा प्रमुख मायावती ने आज कानपुर में जनसभा कर कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव लड़ती है। कांग्रेस की तरह ही भाजपा भी सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है।

दूसरी ओर प्रियंका गांधी ने आज अमेठी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 10 साल तक शासन करने के बाद भी बीजेपी के पास दिखाने के लिए कोई ठोस काम नहीं है।

————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन कल दो प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिये। इस चरण में सबसे अधिक 26 प्रत्याशी प्रतापगढ़ सीट और सबसे कम 6 प्रत्याशी डुमरियागंज सीट पर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि बलरामपुर जनपद की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव में कुल सात प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती,

संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर संसदीय सीट के अलावा बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिये 25 मई को मतदान होगा।

————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर 13 मई को चुनाव होना है। इसमें फर्रूखाबाद की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा पिछले दो लोकसभा चुनावों से जीत रही है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भाजपा, सपा और बसपा समेत अन्य दल अपने प्रत्याशियों की जीत के लिये प्रचार कर रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट..........

*फर्रूखाबाद लोक सभा सीट पर 17 लाख 13 हजार 583 मतदाता 13 मई को आठ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 9 लाख 24 हजार 240 पुरुष मतदाता, 7 लाख 89 हजार 298 महिला मतदाताओं और 40 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं, जिसमें फर्रुखाबाद सदर, कायमगंज, अमृतपुर, भोजपुर और एटा जनपदी की अलीगंज विधानसभा शामिल है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने दो बार के सांसद मुकेश राजपूत पर तीसरी बार भरोसा जताया है। इंडी गठबंधन से सपा के कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर नवल किशोर चुनावी मैदान में हैं। वहीं बसपा ने क्रांति पांडे को टिकट देकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। 2019 के संसदीय चुनाव में इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मनोज अग्रवाल को दो लाख से अधिक वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद तीसरे पायदान पर रहे थे। इस चुनाव में जीत पक्की करने के लिए सभी प्रत्याशी जमकर प्रचार कर रहे हैं। गौरव यादव आकाशवाणी समाचार फर्रूखाबाद।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन के चाथे दिन आज कई बड़े नेताओं ने अपना नामांकन दाखिल किया। चंदौली से केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी उम्मीदवार अजय राय और बसपा के प्रत्याशी अतहर जमाल लारी ने आज अपना नामांकन जमा किया। गोरखपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म स्टार रवि किशन शुक्ला और इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी काजल निषाद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही बांसगांव लोकसभा सीट से भाजपा

प्रत्याशी कमलेश पासवान आर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार सदल प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र जमा किया।

गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने आज नामांकन किया। उनके साथ भाजपा नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। वहीं बलिया लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर और सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय ने पर्चा जमा किया।

सलेमपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर और कुशीनगर सीट से सपा प्रत्याशी अजय प्रताप समेत चार उम्मीदवारों ने पर्चा भरा।

मऊ जिले के घोसी लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन से सुभासपा प्रत्याशी अरविंद राजभर और इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी राजीव राय सहित कुल बारह प्रत्याशियों ने आज नामांकन पत्र दाखिल किये।

इससे पहले नामांकन के तीसरे दिन तक कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। इस चरण के लिए 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे और 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

---

आज अक्षय तृतीया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की प्रार्थना की।

उधर, अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर रामलला को विभिन्न प्रकार के एक हजार फलों का भोग लगाया गया। रामलला का श्र्ंगार भी बहुत ही आकर्षक ढंग से किया गया।

वहीं मथुरा समेत समूचे बृज मण्डल के प्रमुख मंदिरों में अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन कर रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

*अक्षय तृतीया के मौके पर वृन्दावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में आज बांके बिहारी महाराज के चरण दर्शनों के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। अक्षय तृतीया पर ही भक्तों को ठाकुरजी के चरण दर्शन सुलभ होते हैं। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन बांके बिहारी जी के चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन करने पर भक्तों पर विशेष कृपा बरसती है। यह पुण्य अवसर वर्ष में सिर्फ एक बार ही मिलता है। ठाकुर जी के सिर से पैर तक स्वर्ण श्रृंगार और चरणों में चंदन का भोग भक्तों को अपनी आकर्षित कर रहा है। ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर के सेवायत शुभम गोस्वामी ने बताया कि शाम को 5रू30 बजे से रात साढ़े नौ बजे तक ठाकुर जी के सर्वांग दर्शन होंगे। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि मंदिर परिसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा–व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गए हैं। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

——————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन पूजन किये। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह उनकी पहली यात्रा है। उपराष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी मंदिर और कुबेर टीला पहुंच कर दर्शन पूजन किये। इसके बाद उपराष्ट्रपति परिवार समेत सरयू आरती में भी शामिल हुए। उपराष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये।

(समाप्त)

5-